# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION

## Second Term Examination - 2018

## Class : 5

**Sub : Hindi Text** **F.M.: 90**

**DURATION:2 Hrs30Mins** **DATE:28.07.2018**

1.सही विकल्प चुने: 1x5=5

i) राजा के कमरे की खिड़की के पास किसका पेड़ था :

a) आम का b) नीम का c) बरगद का

ii) अलगू चौधरी ने अपना बैल किसे बेचा :

a) जुम्मन शेख b) खाला जान c) समझू साहू

iii) "अभी समय है " कविता के कवि कौन हैं :

a) कबीरदास जी b) अयोध्या सिंह उपाध्याय c) सियाराम शरणगुप्त

iv) ओणम का त्यौहार किस राज्य में मनाया जाता है :

a) केरल b) पंजाब c) उड़ीसा

v) छोटे जादूगर के पिता जेल में क्यों थें :

a) चोरी के अपराध में b) देश की खातिर c) मार-पीट के अपराध में

2. दिए गये शोब्दों के अर्थ लिखकर उनसे अर्थ बनाये : 1x7=7

अमन-चैन ; गृहस्वामिनी ; कबूल ; देवराज ; हर्ष ; कदली ; जीविका

3.दिए गये प्रश्नों के उत्तर एक -दो शब्द में लिखें : 1x7=7

i) छोटा जादूगर पाठ के रचयिता कौन हैं ?

ii) चिड़िया का रंग कैसा था ?

iii) अलगू चौधरी और जुम्मन शेख को जुम्मन के पिता क्या पढ़ाते थें ?

iv) काम न करने के बहाने कौन करता है ?

v) वामन अवतार विष्णु ने महाबली से क्या माँगा ?

vi) फूलों की रंगोली को क्या कहते हैं ?

vii) लेखक ने छोटे जादुगर को कार्निवल में क्या पिलाया ?

**GROUP-B**

4. दिए गये प्रश्नों के उत्तर 3-4 वाक्यों में लिखो : 3x5=15

a) व्यक्ति बड़ा कब बन पता है ?

b) समझू साहू का बैल क्यों मर गया ?

c) राजा ने चिड़िया को क्यों स्वतंत्र कर दिया ?

d) ओणम पर बालिकाएं और स्त्रियाँ अपना मनोरंजन कैसे करती हैं ?

e) छोटा जादूगर अपनी रोज़ी-रोटी किस प्रकार चलाता था ? लोग उसका निशाना देखकर दंग क्यों रह गये ?

दंग

5.किसने किससे कब कहा :  4x4=16

a) " माँ को अस्पताल वालों ने निकाल दिया ।"

b) " भगवान , कृपा कर आप मुझे हर वर्ष अपनी प्रजा से मिलने की अनुमति दे दें ।"

c) " खुदा गवाह है , मैंने बूढ़ी खला को माँ के सामान सम्मान दिया है "

d) " माँ ने कहा कि आज तुरंत चले आना "

GROUP-C

6.दिए गये प्रश्नों के उत्तर 6- 8 वाक्यों में लिखें : (answer any 8 questions)

5X8=40

a) जायदाद अपने नाम लिखवाने के बाद जुम्मन शेख और उसकी पत्नी के स्वभाव में क्या बदलाव आया ? माता - पिता के बूढ़े होने पर आप उनकी देखभाल कैसे करेंगे ?

b) अभी समय है कविता के द्वारा कवि ने हमें क्या समझाने की कोशिश की है ?

c) ओणम के अवसर पर केरलवासी कौन - कौन से खेल खेलते हैं ? केरल की राजधानी क्या है ? यह त्यौहार हमें क्या सन्देश देता है ?

d) दोहे का अर्थ लिखें:

अति का भला न बोलना , अति की भली न चूप ।
अति का भला न बरसना , अति की भली न धूप ॥

e) माँ को गंभीर हालत में छोड़कर छोटा जादूगर को खेल दिखने क्यों जाना पड़ा ? उसकी जगह आप होते तो क्या करते ?

f) जुम्मन शेख और अलगू चौधरी में कैसी मित्रता थी ? अलगू ने पंचायत क्यों बुलाई थी ? अलगू ने क्या फैसला लिया ?

g) कविता की पंक्तियाँ पूरी करें तथा कविता और कवि का नाम भी लिखें :

आएगा क्या समय ________

____________________

____________________

____________________

____________________

____________________

________________नहीं सुख कोई भी पाता

h) क्या समय को नष्ट करके कोई सुख पाता है , क्यों ? किसे अंत में पछताना पड़ता है ?

i) छोटा जादूगर पाठ में कौन सी बात आपके दिल को छू जाती है और क्यों ? छोटे जादूगर से आपने क्या सीखा ?

j) दोहा दशक में कवि ने स्वाति के जल के माध्यम से संगती के महत्त्व को किस प्रकार समझाया है ?

---

Manisha Yadav

ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL
A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
**Second Term Examination-2018**

**Sub: Hindi Literature** **Class: V** **F.M.:90**
**Duration: 2Hours 30Mins** **Date : 28.7.18**

**GROUP-A**

**1.**सही विकल्प चुने:1x5=5

i) राजा के कमरे की खिड़की के पास किसका पेड़ था :

a) आम का

ii) अलगू चौधरी ने अपना बैल किसे बेचा :

c) समझू साहू

iii) "अभी समय है " कविता के कवि कौन हैं :

c) सियाराम शरणगुप्त

iv) ओणम का त्यौहार किस राज्य में मनाया जाता है :

a) केरल

v) छोटे जादूगर के पिता जेल में क्यों थें :

b) देश की खात

2. दिए गये शोब्दों के अर्थ लिखकर उनसे अर्थ बनाये :1x7=7

अमन-चैन(शान्ति ) ; गृहस्वामिनी( घर की मालकिन ) ; कबूल( स्वीकार) ; देवराज( देवताओं का राजा) ; हर्ष( ख़ुशी) ; कदली(केला) ; जीविका( रोज़ी - रोटी) वाक्य बनाएं

3.दिए गये प्रश्नों के उत्तर एक -दो शब्द में लिखें :1x7=7

i) छोटा जादूगर पाठ के रचयिता कौन हैं ?

जयशंकर प्रसाद

ii) चिड़िया का रंग कैसा था ?

सुनहरा

iii) अलगू चौधरी और जुम्मन शेख को जुम्मन के पिता क्या पढ़ाते थें ?

जुमराती

iv) काम न करने के बहाने कौन करता है ?

आलसी मनुष्य

v) वामन अवतार विष्णु ने महाबली से क्या माँगा ?

तीन पग ज़मीन

vi) फूलों की रंगोली को क्या कहते हैं ?

पुकल्लम

vii) लेखक ने छोटे जादुगर को कार्निवल में क्या पिलाया ?

शरबत

**GROUP-B**

4. दिए गये प्रश्नों के उत्तर 3-4 वाक्यों में लिखो :3x5=15

a) व्यक्ति बड़ा कब बन पता है ?

अभी समय है नामक कविता के माध्यम से कवि सियारामशरण गुप्त जी ने समय के महत्त्व को बताते हुए कहा है कि समय को कभी नष्ट नहीं करना चाहिए , सुसमय का उपयोग कर हमें सदा अपने लक्ष्य पर आगे बढ़ते रहना चाहिए और जग में अपना नाम बना कर बड़ा बन जाना चाहिए । कवि के कहने का अर्थ है किसमय बड़ा बलवान होता है यदि हम इसका सही उपयोग करें तो यह हमें सफलता की OOCHAYION तक उठा सकता है ।

b) समझू साहू का बैल क्यों मर गया ?

समझू साहू ने नया बैल पाया तो लगे उसे रगड़ने । उसके चारे पानी का भी ध्यान न रखते ।बिचारा बैल महीने भर में पिस गया । एक दिन समझू साहू ने उस पर दूना बोझ लाड दिया । बैल ने जोर लगाया , लेकिन धरती पर गिर पीडीए और ऐसा गिरा कि फिर कभी न उठ सका ।

c) राजा ने चिड़िया को क्यों स्वतंत्र कर दिया ?

राजा ने चिड़िया खुश करने के लिए सोने का पिंजरा बनवाया , उसमे मीठे -मीठे फल रखे , बढ़िया पकवान रखे , लेकिन चिड़िया ने कुछ न खाया और उदास रहने लगी ।वह बहुत चुप सी हो गई थी और गाना भी न गाती । राजा को बहुत चिंता होने लगी और रानी की सलाह पर उन्होंने चिड़िया को आज़ाद कर दिया क्योंकि वह समझ गये थे कि चिड़िया की ख़ुशी उसकी स्वतन्त्रता में ही है ।

d) ओणम पर बालिकाएं और स्त्रियाँ अपना मनोरंजन कैसे करती हैं ?ओणम पर विशेष तरीके से बालिकाएं और स्तीयाँ अपना मनोरंजन करती हैं । वे ताली बजाते हुए नृत्य करती हैं जिसे " कैकोट्टीकली" नृत्य कहा जाता है । नृत्यों में वे वीर नज़र -नारियों की वीर गाथाओं का प्रदर्शन करती हैं ।

e)छोटा जादूगर अपनी रोज़ी-रोटी किस प्रकार चलाता था ? लोग उसका निशाना देखकर दांग क्यों रह गये ?

अपनी रोज़ी- रोटी चलाने के लिए छोटा -जादूगर गुड्डे -गुड़ियों से तरह - तरह के खेल दिखाता था । वह एक पक्का निशाने बाज़ था , खेल खेलते समय उसकी कोई गेंद खाली नहीं गई । इसी कारण लोग उसका निशान देख कर दांग रह जाते थें ।

5.किसने किससे कब कहा :4x4=16

a) " माँ को अस्पताल वालों ने निकाल दिया ।"

उपर्युक्त पंक्तियाँ हमारे पाठ्य पुस्तक ' नयी दिशा ' के पाठ " छोटा जादूगर "से ली गई हैं । इसके रचियता जयशंकर प्रसाद जी हैं । यह पंक्तियाँ छोटा जादूगर ने लेखक से तब कही थी जब लेखक ने एकदिन उसे कम्बल कंधे पर डाले खड़े देखा

b) " भगवान , कृपा कर आप मुझे हर वर्ष अपनी प्रजा से मिलने की अनुमति दे दें ।"

उपर्युक्त पंक्तियाँ हमारे पाठ्य पुस्तक ' नयी दिशा ' के पाठ " ओणम "से ली गई हैं । यह पंक्तियाँ राजा महाबली ने भगवान विष्णु से तब कही थी जब भगवन विष्णु ने महाबली के सर पर अपना तीसरा पग रखा और वे सीधे पाताल लोक में पहुँच गए ।

c) " खुदा गवाह है , मैंने बूढी खाला को माँ के सामान सम्मान दिया है "

उपर्युक्त पंक्तियाँ हमारे पाठ्य पुस्तक ' नयी दिशा ' के पाठ " पंच परमेश्वर " "से ली गई हैं । यह पंक्तियाँ जुम्मन शेख ने अलगू चौधुरी से तब कही थी जब खाला ने पंचायत बुलाई थी ।

d) " माँ ने कहा कि आज तुरंत चले आना "

उपर्युक्त पंक्तियाँ हमारे पाठ्य पुस्तक ' नयी दिशा ' के पाठ " छोटा जादूगर "से ली गई हैं । इसके रचियता जयशंकर प्रसाद जी हैं । यह पंक्तियाँ छोटा जादूगर ने लेखक से तब कही थी जब लेखक ने उसे बताया कि उस दिन का खेल जमा नहीं । छोटे जादूगर ने बताया किउसकी माँ बहुत बीमार है और घर जल्दी वापस आने को कहा है ।

GROUP-C

6.दिए गये प्रश्नों के उत्तर 6- 8 वाक्यों में लिखें : (answer any 8 questions)5X8=40

a) जायदाद अपने नाम लिखवाने के बाद जुम्मन शेख और उसकी पत्नी के स्वभाव में क्या बदलाव आया ? माता - पिता के बूढ़े होने पर आप उनकी देखभाल कैसे करेंगे ?

जब तक दान -पात्र की रजिस्ट्री नहीं हुई थी , तब तक खला जान का खूब आदर - सत्कार हुआ , उन्हें स्वादिष्ट पदार्थ खिलाये जाते थें ।

जायदाद अपने नाम लिखवाने के बाद जुम्मन शेख और उसकी पत्नी के स्वाभाव में बहुत अंतर आ गया । करीमन खला को रोटियाँ द्क्सेने के बजाय उन्हें कडवी बातें सुनाती ।

अपनी राय लिखें........

b) अभी समय है कविता के द्वारा कवि ने हमें क्या समझाने की कोशिश की है ?

कक्षा में लिखाये गये कविता के भावार्थ को लिखें ।

c) ओणम के अवसर पर केरलवासी कौन - कौन से खेल खेलते हैं ? केरल की राजधानी क्या है ? यह त्यौहार हमें क्या सन्देश देता है ?

ओणम के अवसर पर केरलवासी ताश - शतरंज आदि खेल खेलते हैं । कविता - पाठ और नृत्य गायन का भी आयोजन होता है । कैकोट्टीकली नृत्य में वीर नर -नारियों की वीर गाथाओं का प्रदर्शन होता है ।ओणम पर होने वाली नौका - दौड़ देखने लायक है ।

ओणम की राजधानी " तिरुवनंतपुरम" है ।

यह त्यौहार हमें एकता और भाईचारे का सन्देश देता है ।

d) दोहे का अर्थ लिखें:

अति का भला न बोलना , अति की भली न चूप |
अति का भला न बरसना , अति की भली न धूप ||

उपर्युक्त दोहे के माध्यम से कविवर रहीम दास जी और तुलसीदास जी ने अनेक नीति की बातें कही हैं । इन दोहों से सीख लेकर मनुष्य एक श्रेष्ठ इंसान बन सकता है । कवि नें इस दोहे के माध्यम से अति के महत्त्व को बताया है । वे कहते हैं की किसी भी चीज़ की अति ठीक नहीं है । जिस तरह धुप तो अच्छि है किन्तु अत्यधिक धुप से सूखा भी पद सकता है , किसानो का बहुत नुक्सान हो सकता है उसी प्रकार अत्यधिक बारिश भी अच्छी नहीं होती । अत्यधिक बारिश भी बाड़ ला सकती हैं जिससे लोगों के घर , अनाज , पशु , पक्षी बहुतों का नुक्सान होता है । ठीक उसी प्रकार मनुष्य का ज्यादा बोलना थी क नहीं और न ही ज्यादा चुप रहना । जीवन में सदैव संतुलन बनाये रखना चाहिए ।

e) माँ को गंभीर हालत में छोड़कर छोटा जादूगर को खेल दिखाने क्यों जाना पड़ा ? उसकी जगह आप होते तो क्या करते ?

माँ को गंभीर हालत में छोड़कर छोटा जादूगर को खेल दिखाने जाना पड़ा था क्योंकि अपने घर में कमाने वाला केवल वाही था , माँ के अत्यधिक बीमार होने के कारण उसकी दवाइयों तथा रोज़ी -रोटी के खेल दिखाने जाना ही पड़ता था । अपनी राय लिखें .......

f) जुम्मन शेख और अलगू चौधरी में कैसी मित्रता थी ? अलगू ने पंचायत क्यों बुलाई थी ? अलगू ने क्या फैसला लिया ?

जुम्मन शेख और अलगू चुअधुरी में बहुत घनिष्ट मित्रता थी । उनकी साझे में खेती होती थी ।
अलगू ने पंचायत खला जान के कहने पर बुलाई थी । खाला जान ने अपनी साड़ी जायदाद अपने भांजे जुम्मन के नाम कर दी थी जिसके पश्चात वह उनकी एकदम भी देखभाल नहीं करता था ।
अलगू ने फैसला सुनाया कि खाला जान को माहवार खर्च दिया जाए और अगर जुम्मन को यह मंज़ूर नहीं है तो रजिस्ट्री रद्द समझी जाएगी ।

g) कविता की पंक्तियाँ पूरी करें तथा कविता और कवि का नाम भी लिखें :

आएगा क्या समय _समय तो टला जा रहा ,
_देखो जीवन व्यर्थ तुम्हारा चला जा रहा ।
तो वीरों की भाति खड़े हो जाओ अब भी,
करके कुछ जग बीच बड़े हो जाओ अब भी ।
_उद्योगी को कहाँ नहीं सुसमय मिल जाता
समय नष्ट कर नहीं सुख कोई भी पाता

कवि सियाराम शरण गुप्त.

h) क्या समय को नष्ट करके कोई सुख पाता है , क्यों ? किसे अंत में पछताना पड़ता है ?

कवि सियाराम शरण गुप्त जी ने अपनी कविता " अभी समय है " के माध्यम से समय के महत्त्व को बताया है ।वे कहते हैं कि अपने समय को कल पर नहीं टालना चाहिए और समय का उचित उपयोग करना चाहिए । समय का सदुपयोग कर हम स्वयं ही नहीं बल्कि संसार को भी सुखी बना सकते हैं ।समय को नष्ट करके कोई भी सुख नहीं पता क्योंकि एकबार बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता । आलसी मनुष्य जो समय का सही उपयोग नहीं करते हैं उन्हें अंत में बहुत पछताना पड़ता है ।

i) छोटा जादूगर पाठ में कौन सी बात आपके दिल को छू जाती है और क्यों ? छोटे जादूगर से आपने क्या सीखा ? अपनी राय लिखें ......

j) दोहा दशक में कवि ने स्वाति के जल के माध्यम से संगती के महत्त्व को किस प्रकार समझाया है ?

कदली , सींप , भुजंग -मुख , स्वाति एक गुन तीन ।
जैसी संगति बैठिये , तैसोई फल दीं ।

उपर्युक्त दोहे के माध्यम से कविवर रहीम दास जी और तुलसीदास जी ने अनेक नीति की बातें कही हैं । इन दोहों से सीख लेकर मनुष्य एक श्रेष्ठ इंसान बन सकता है ।वे कहते हैं कि मनुष्य पर उसकी संगती का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है । हम जैसी संगती में रहते हैं हमारा जीवन उसी से प्रभावित होता है । जिस प्रकार स्वाति नक्षत्र का जल जब कदली

, सीप , और भुजंग के मुख में पड़ता है तो तीनो ही परिस्थिति में उसका अलग प्रभाव पड़ता है । कदली पर पड़ते ही वह जल कपूर बन जाता है , सींप में पड़ते ही मोती में परिवर्तित हो जाता है और भुजंग के मुख में पड़ते ही वह विषैला बन जाता है उसी प्रकार मनुष्य जैसी संगती में रहता है वह वैसा ही बन जाता है ।